ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार पटना।

पत्रांकः– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024- 1765 पटना/दिनांकः–11/05/2026

प्रेषक,

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी सहायक अभियंता,
जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण, प्रमंडल,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– कार्य प्रमंडल अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं की गुणवत्ता जाँच के संबंध में।
प्रसंगः– विभागीय मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–165/24 पत्रांक–4620 दिनांक–23.08.2025

महाशय,

विभाग द्वारा निर्गत संकल्प ज्ञापांक–1718 दिनांक– 15.11.2024 एवं ज्ञापांक–802 दिनांक–25.04.2026 द्वारा द्वितीय स्तर पर गुणवत्ता जांच हेतु अधिकृत है। विदित है इस संदर्भ में विभाग द्वारा निर्गत दिशानिर्देश के आलोक में न्यूनतम 20 योजनाओं का अपने–अपने प्रक्षेत्र में प्रत्येक माह स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (विहित प्रपत्र में) MIS पर upload करना अनिवार्य है।

आपके द्वारा MIS पर upload किये गए गुणवत्ता संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा गुणवत्ता प्रबंधन कोषांग द्वारा की जाती है। माह मार्च एवं अप्रैल में आपके द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं किया गया है।

समान्यताः समीक्षा के क्रम में जाँच प्रतिवेदन में निम्न प्रकार की त्रुटियाँ पायी गई हैः–

1. विहित प्रपत्र में जाँच प्रतिवेदन upload नहीं किया जाना।
2. प्राक्कलन में प्रावधान एवं कार्य स्थल पर जाँच के क्रम में पायी गई Findings का स्पष्ट वर्णन नहीं किया जाना।
3. प्रतिवेदन में गुणवत्ता संबंधित Grade Award नहीं किया जाना।
4. एक ही योजना का प्रतिवेदन संख्या पुराने के उदेश्य से बारम्बार upload किया जाना।
5. प्रयुक्त किये जा रहें सभी निर्माण सामग्री से संबंधित Test Report का संलग्न नहीं किया जाना।
6. Geo-Tag Field Laboratory का Photo upload नहीं किया जाना।
7. जाँच प्रपत्र में प्रविष्ट की गई Date of Inspection एवं MIS के Module में प्रविष्ट की गई तिथि में भिन्नता होना।
8. जाँच प्रतिवेदन का अपूर्ण एवं अस्पष्ट होना।

आप सभी को अंतिम चेतावनी के साथ निदेश दिया जाता है कि विभाग द्वारा निर्धारित जाँच के लक्ष्यों को अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए।

उपरोक्त वर्णित त्रुटियों का निराकरण करते हुए संबंधित सभी योजनाओं का पुनः स्थलीय जाँच कर (विहित प्रपत्र में) एक सप्ताह के अन्दर वांछित प्रतिवेदन के साथ MIS पर upload करना सुनिश्चित करें। आदेश का अवहेलना किये जाने पर आपके विरूद्ध किए जाने वाले कार्रवाई के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगें।

विश्वासभाजन

11/05/2026

(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024 - 1765 पटना/दिनांकः–11/05/26
प्रतिलिपि – सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ।

11/05/2026
अभियंता प्रमुख

**ज्ञापांकः**– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024 - 1765 पटना/दिनांक– 11/05/26
**प्रतिलिपिः**– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विषेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

11/05/2026
अभियंता प्रमुख

**ज्ञापांकः**– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024 - 1765 पटना/दिनांकः–11/05/26
**प्रतिलिपि** – सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण अंचल एवं प्रमंडल, को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि निदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें ।

11/05/2026
अभियंता प्रमुख

**ज्ञापांकः**– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024 - 1765 पटना/दिनांकः–11/05/26
**प्रतिलिपि** – सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/05/2026
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवंगु0नि0)विविध कार्य–06–92/2024 - 1765 पटना/दिनांकः–11/05/26
प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/05/2026
अभियंता प्रमुख